कवच

बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान

25 जुलाई से 31 जुलाई 2019

बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान

25 जुलाई से 31 जुलाई 2019

महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान (कवच) दिनांक 25 जुलाई से 31 जुलाई 2019 तक चलाया गया। इस जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में 115 प्रतिभागियों को बालिका सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक, डा0 राकेश द्विवेदी ने बालिका सुरक्षा के महत्व को समाज के स्वस्तर से सभी तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। आप द्वारा बालिका सुरक्षा हेतु समस्त अधिनियमों व कानूनों के बारे में बताकर प्रतिभागियों को जागरूक किया गया।

इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा0 मोहिनी गौतम ने बालिकाओं की सुरक्षा हेतु स्वयं द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के बारे बातचीत की और बताया कि कानूनों के बारे में जानकारी लेने के साथ बालिकाओं को स्वसुरक्षा संबंधित जानकारियों होनी भी अत्यन्त आवश्यक है। इसके साथ ही डा0 मीना सिंह, कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह जागरूकता अभियान यहीं पर रोकने की आवश्यकता नहीं है बल्कि आप द्वारा जो भी जानकारी प्राप्त की जा रही है उसे आप अपने आस–पड़ोस की बालिकाओं व महिलाओं को उसके बारे में जागरूक करें।

Sew Up
Safety Net
181
100

DAINIK JAGRAN 1st Aug.2019

...खूब तेज बांध दें, जिससे रक्तस्राव रुक जाए और इसे अस्पताल पहुंचने तक बंधा रहने दें।

छात्राओं को प्रशिक्षण

जासं, लखनऊ : राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में कवच कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बालिका सुरक्षा अभियान के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। 200 से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक व अन्य छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राकेश द्विवेदी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीरा सिंह, डॉ. मोहिनी गौतम ने छात्र/छात्राओं को कवच अभियान के बारे में बताया। उन्होंने सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, चुप्पी तोड़ना, आवाज उठाना, किशोरियों के प्रति हिंसा व सुरक्षा के उपाय, साइबर हिंसा व सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।